बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु ऐतिहासिक पहल ...

शेखावाटी मिशन 100

2026

(कक्षा 12)

गणित

विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम QR CODE स्कैन करें

पढ़ेगा राजस्थान

बढ़ेगा राजस्थान

कार्यालय: संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)

संयोजक कार्यालय – संयुक्त निदेशक कार्यालय, चूरू संभाग, चूरू

शेखावाटी मिशन - 100 मार्गदर्शक

संगीता मानवी

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
चूरू संभाग, चूरू

महेन्द्र सिंह बड़सरा

संभागीय कॉडिनेटर, शेखावाटी मिशन 100
संयुक्त निदेशक कार्यालय, चूरू संभाग, चूरू

रामावतार भदाला

तकनीकी सहयोगी शेखावाटी मिशन 100

संकलनकर्त्ता टीम : गणित

निखलेश गौड

(उपप्राचार्य)
रा.उ.मा.वि. राटनवा
धोद (सीकर)

नरेश कुमार

(उपप्राचार्य)
श्री हरिदेवदास अग्रवाल राउमावि
पचगवरा खाँक धोद (सीकर)

मनोज कुमार यादव

(व्याख्याता)
पीएम श्री महात्मा गांधी सरकारी सी.से.
विद्यालय, गोकुलपुरा (सीकर)

मुकेश रेवाड़

(व्याख्याता)
पीएम श्री शहीद शकलचान
रा.उ.मा.वि. मंगलूना (सीकर)

सूर्यप्रकाश

(व्याख्याता)
रा.उ.मा.वि. हरसावा चड़ा
पलेहपुर (सीकर)

कार्यालय: संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)

प्रश्न–पत्र की योजना– 2026

कक्षा – **XII**
विषय – गणित
अवधि –3 घण्टा 15 मिनट पूर्णांक– 80

1. उद्देश्य हेतुअंकभार–

क्र.सं.	उद्देश्य	अंकभार	प्रतिशत
1.	ज्ञान	24	30
2.	अवबोध	24	30
3.	ज्ञानोपयोग	16	20
4.	कौशल	8	10
5.	विश्लेषण	8	10
योग		80	100

2. प्रश्नों के प्रकारवारअंकभार–

क्र.सं.	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक प्रतिप्रश्न	कुलअंक	प्रतिशत (अंको का)	प्रतिशत (प्रश्नों का)	संभावित समय
1.	बहुविकल्पात्मक	18	1	18	22.5	33.96	36
2.	रिक्तस्थान	6	1	6	7.5	11.32	15
3.	अतिलघुत्तरात्मक	12	1	12	15.0	22.64	42
4.	लघुत्तरात्मक	10	2	20	25.0	18.87	40
5.	दीर्घउत्तरीय	4	3	12	15.0	7.55	32
6.	निबंधात्मक	3	4	12	15.0	5.66	30
	योग	53		80	100.00	100.00	195 मिनट

विकल्प योजना : खण्ड 'स' एवं 'द' मेंहैं ।

3. विषय वस्तु का अंकभार–

क्र.सं.	विषय वस्तु	अंकभार	प्रतिशत
1	सम्बन्ध एवंफलन	3	3.75
2	प्रतिलोम त्रिकोणमिति फलन	4	5.00
3	आव्यूह	5	6.25
4	सारणिक	5	6.25
5	सांतत्य एवं अवकलनीयता	8	10.00
6	अवकलज के अनुप्रयोग	6	7.50
7	समाकलन	12	15.00
8	समाकलनों के अनुप्रयोग	4	5.00
9	अवकल समीकरण	6	7.50
10	सदिश बीजगणित	7	8.75
11	त्रिविमीय ज्यामिति	9	11.25
12	रैखिक प्रोग्रामन	4	5.00
13	प्रायिकता	7	8.75
	सर्वयोग	**80**	**100**

प्रश्न–पत्र ब्ल्यूप्रिन्ट 2026

कक्षा –XII　　विषय :–गणित　　समय 3:15 घन्टे　　पूर्णांक–80

क्र.सं.	उद्देश्य इकाई / उपइकाई	ज्ञान						अवबोध						ज्ञानोपयोग						कौशल						विश्लेषण						योग
		बहुविकल्पात्मक	रिक्तस्थान	अतिलघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	दीर्घउत्तरात्मक	निबन्धात्मक	बहुविकल्पात्मक	रिक्तस्थान	अतिलघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	दीर्घउत्तरात्मक	निबन्धात्मक	बहुविकल्पात्मक	रिक्तस्थान	अतिलघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	दीर्घउत्तरात्मक	निबन्धात्मक	बहुविकल्पात्मक	रिक्तस्थान	अतिलघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	दीर्घउत्तरात्मक	निबन्धात्मक	बहुविकल्पात्मक	रिक्तस्थान	अतिलघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	दीर्घउत्तरात्मक	निबन्धात्मक	
1	सम्बन्ध एवं फलन	1(1)									2(1)																					3(2)
2	प्रतिलोम त्रिकोणमिति फलन								1(1)					1(1)			2(1)															4(3)
3	आव्यूह	1(1)		1(1)				1(1)																					2(1)			5(4)
4	सारणिक	1(1)							1(1)							1(1)													2(1)			5(4)
5	सांतत्य एवं अवकलनीयता	1(1)			2(1)			1(1)			2(1)					1(2)																8(6)
6	अवकलज के अनुप्रयोग	1(1)		1(2)					1(1)								2(1)															6(5)
7	समाकलन	1(1)			2(1)				1(1)			3(1)*	4(1)*			1(1)																12(6)
8	समाकलनों के अनुप्रयोग			1(1)													2(1)			1(1)												4(3)
9	अवकल समीकरण	1(1)				3(1)*				1(1)					1(1)																	6(4)
10	सदिश बीजगणित	1(1)		1(1)					1(1)		2(1)			1(1)						1(1)												7(6)
11	त्रिविमीय ज्यामिति	1(1)		1(1)								3(1)*																			4(1)*	9(4)
12	रैखिक प्रोग्रामन																								4(1)*							4(1)
13	प्रायिकता	1(1)		1(1)														3(1)*		1(2)												7(5)
	योग	10(10)		7(7)	4(2)	3(1)		2(2)	5(5)	1(1)	6(3)	6(2)	4(1)	2(2)	1(1)	4(4)	6(3)	3(1)		4(4)					4(1)				4(2)		4(1)	80(53)
	सर्वयोग	**24(20)**						**24(14)**						**16(11)**						**8(5)**						**8(3)**						**80(53)**

विकल्पों की योजना :– खण्ड 'स' एवं 'द' में प्रत्येक में एक आंतरिक विकल्प है　नोटः– कोष्ठक के बाहर की संख्या 'अंकों' की तथा अंदर की संख्या 'प्रश्नों' के द्योतक है।

विशेष :–उक्त ब्ल्यूप्रिन्ट मॉडल प्रश्नपत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों को समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल प्रश्नपत्र का ब्ल्यूप्रिन्ट भिन्न हो सकता है।

अध्याय – 1
सम्बन्ध एवं फलन

अंकभार (1 + 2 = 3)

1. मान लीजिए कि समुच्चय $\{1, 2, 3, 4\}$ में, $R = \{(1, 2), (2, 2), (1, 1), (4, 4), (1, 3), (3, 3), (3, 2)\}$ द्वारा परिभाषित संबंध R है। निम्नलिखित में से सही उतर चुनिए।
   (1) R स्वतुल्य तथा सममित है किंतु संक्रामक नहीं है।
   (2) R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किंतु सममित नहीं है।
   (3) R सममित तथा संक्रामक है किंतु स्वतुल्य नहीं है।
   (4) R एक तुल्यता संबंध है।
2. समुच्चय $\{1, 2, 3\}$ में $R = \{(1, 1) (2, 2) (3, 3) (1, 2) (2, 3)\}$ द्वारा प्रदत संबंध है?
   (1) स्वतुल्य (2) सममित (3) संक्रामक (4) तुल्यता
3. R से R में परिभाषित निम्न में से कौनसा फलन एकैकी है–
   (1) $F(x) = |x|$ (2) $F(x) = \cos x$
   (3) $F(x) = e^x$ (4) $F(x) = x^2$
4. समुच्चय A= $\{1, 2, 3, 4\}$ से स्वयं तक सभी एकैकी फलन की संख्या होगी –
   (1) 3 (2) 4
   (3) 8 (4) 6
5. यदि $R = \{(x, y) : x, y \in z, x^2 + y^2 \le 4\}$ एक संबंध है तब R का प्रान्त होगा –
   (1) $\{0, 1\}$ (2) $\{-2, -1, 0, 1, 2\}$
   (3) $\{2, -2\}$ (4) $\{0, 1, 2\}$
6. यदि $A = \{1, 2, 3\}$ हो तो अवयव $(1, 2)$ वाले तुल्यता संबंधों की संख्या है–
   (1) 1 (2) 2
   (3) 3 (4) 4
7. मान लीजिए कि $f : R \to R$, $f(x) = x^4$ द्वारा परिभाष्ति है। सही उतर का चयन कीजिए।
   (1) f एकैकी आच्छादक है (2) f बहुएक आच्छादक है
   (3) f एकैकी है किंतु आच्छादक नहीं है
   (4) f न तो एकैकी है और न आच्छादक है
8. यदि $f : R \to R$, $f(x) = 2x + 3$ और $g : R \to R$ $g(x) = x^2 + 1$ तो $gof(2)$ का मान होगा –
   (1) 25 (2) 5
   (3) 10 (4) 50
9. $A = \{1, 2\}$ तथा $B = \{3, 4\}$ तो A और B में सम्बन्धों की संख्या होगी –
   (1) 4 (2) 16
   (3) 24 (4) 2

-: Answer :-

1-2, 2-1, 3-3, 4-1, 5-4, 6-2, 7-4, 8-3, 9-2

10. समुच्चय $\{1, 2, 3\}$ में $(1, 2)$ तथा $(2, 1)$ को अन्तर्विष्ट करने वाले तुल्यता संबंधों की संख्या ..... है।
11. समुच्चय $\{1, 2, \ldots\ldots\ldots\ldots n\}$ से स्वंय तक समस्त आच्छादक फलनों की संख्या..... है।
12. यदि $f : R \to R$, $f(x) = (3 - x^3)^{1/3}$ तो $fof(x)$ ज्ञात करें –

Ans. $f(x) = (3 - x^3)^{1/3}$

$$fof(x) = f[f(x)]$$
$$= f\left[(3 - x^3)^{1/3}\right]$$
$$= \left[3 - \left\{(3 - x^3)^{1/3}\right\}^3\right]^{1/3}$$
$$= \left[3 - 3 + x^3\right]^{1/3}$$
$$= \left[x^3\right]^{1/3}$$
$$= x$$

13. सिद्ध कीजिए कि वास्तविक संख्याओं के समुच्चय R में $R = \{(a,b) : a \le b^2\}$, द्वारा परिभाषित संबंध R, न तो स्वतुल्य है, न सममित है और न ही संक्रमक है।

Ans. दिया है, $A = R =$ वास्तविक संख्याओं का समुच्चय

तथा $R = \{(a,b) : a \le b^2\}$

स्वतुल्य संबंध के लिए, हम जानते है कि $\frac{1}{2} \le \left(\frac{1}{2}\right)^2$ सत्य नहीं है।

$\Rightarrow \left(\frac{1}{2},\frac{1}{2}\right)\notin R$ अतः R, स्वतुल्य संबंध नहीं है।

सममित संबंध के लिए, हम जानते हैं कि $-1\le 3^2 \Rightarrow (-1,3)\in R$

लेकिन $3\le(-1)^2$

$\Rightarrow (3,-1)\notin R$ अतः R सममित संबंध नहीं है।

संक्रमक संबंध के लिए, हम जानते है कि $2<(-3)^2 \therefore (2,-3)\in R$

तथा $(-3)\le(1)^2$

$\therefore (-3,1)\in R$ लेकिन $2\le 1^2 \therefore (2,1)\notin R$ अतः R एक संक्रमक संबंध नहीं है।

14. $f(x)=4x+3$ द्वारा प्रदत फलन $f:R\to R$ पर विचार कीजिए। सिद्ध कीजिए कि f व्युत्क्रमणीय है। f का प्रतिलो फलन ज्ञात कीजिए।

Ans. फलन $f:R\to R$ में, $f(x)=4x+3, \forall x\in R$

द्वारा परिभाषित फलन है।

मान लीजिए $x,y\in R$ इस प्रकार है कि $f(x)=f(y)$

$\Rightarrow 4x+3=4y+3$

$\Rightarrow x=y$

$\therefore f$ एकैकी फलन है।

मान लीजिए प्रत्येक वास्तविक संख्या $y\in R$ के लिए R में, $x\in R$ इस प्रकार विद्यमान है कि

$$f(x)=y\Rightarrow 4x+3=y\Rightarrow x=\frac{y-3}{4}$$

$\therefore$ प्रत्यक $y\in R$ के लिए $x=\frac{y-3}{4}\in R$ इस प्रकार है कि

$$f(x)=f\left(\frac{y-3}{4}\right)=4\left(\frac{y-3}{4}\right)+3=y$$

$\therefore f$ आच्छादक फलन है। अतः f एकैकी आच्छादक फलन है।

अतः $\therefore f^{-1}$ विद्यमान है। मान लीजिए $g:R\to R$ में, $g(x)=\frac{x-3}{4}$ द्वारा परिभाषित है।

15. सिद्ध कीजिए कि $f(x)=[x]$ द्वारा प्रदत महतम पूर्णांक फलन $f:R\to R$, न तो एकैकी है और न आच्छादक है, जहां $[x],x$ से कम या उसके बराबर महतम पूर्णांक को निरूपित करता है।

Ans. फलन $f:R\to R$ में, $f(x)=[x], \forall x\in R$

द्वारा परिभाषित फलन है, जहां $[x],x$ से कम या उसके बराबर महतम पूर्णांक फलन है।

चूंकि $f(1,2)=[1,2]=1$

$f(1,9)=[1,9]=1$

$\therefore$ $f(1,2)=f(1,9)=1$ लेकिन $1.2\ne 1.2$

$\therefore$ f एकैकी फलन नहीं है।

पुनः $0.7\in R$ के लिए R में कोई $x\in R$ इस प्रकार नहीं है कि $f(x)=0.7$ अर्थात् $[x]=0.7$

$\therefore f$ आच्छादक फलन नहीं है।

अतः महतम पूर्णांक फलन न तो एकैकी है न ही आच्छादक है।

16. सिद्ध कीजिए कि समुच्चय $A=\{x\in Z:0\le x\le 12\}$, में दिए गए निम्नलिखित संबंधों R में से प्रत्येक एक तुल्यता संबंध है।

(i) $R=\{(a,b):|a-b|,4$ का गुणज है$\}$

Ans. दिया है, $A=\{x\in Z:0\le x\le 12\}$

$=\{0,1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12\}$

(i) $R=\{(a,b):|a-b|,4$ का गुणज है$\}$

चूंकि प्रत्येक $a\in A$ के लिए $|a-a|=0$, जो कि 4 का गुणज है। अतः R स्वतुल्य संबंध हैं अब, मान लीजिए

$(a,b)\in R\Rightarrow|a-b|,4$ का गुणज है।

$\Rightarrow|-(b-a),4$ का गुणज है।

$\Rightarrow|b-a|,4$ का गुणज है।

$\Rightarrow (b,a)\in R, \forall a,b\in R$

अतः R सममित संबंध है। अब, मान लीजिए $(a,b),(b,c)\in R$, तब $|a-c|$ तथा $|b-c|$ 4 के गुणज है। $|a-c|$, 4 का गुणज है। $\therefore (a,c)\in R$

$\therefore R,$ संक्रमक संबंध है। अतः R, एक तुल्यता संबंध है।

17. सिद्ध कीजिए कि $f(x)=|x|$ मापांक फलन $f:R\to R$ न तो एकैकी है और न आच्छादक है।

Sol. (i) एकैकी $f(x)=|x|$

$\because |-1|=1$ तथा $|1|=1$

परन्तु $-1\ne 1$

f एकैकी नहीं है।

(ii) आच्छादक $f(x)=|x|=$ धनात्मक मान

अर्थात् R के ऋणात्मक मानों का पूर्व प्रतिबिम्ब R में विद्यमान नहीं है।

$\Rightarrow$ f आच्छादक नहीं है।

अतः f न तो एकैकी है और न आच्छादक है।

18. मान लीजिए कि $A = R - \{3\}$ तथा $B = R - \{1\}$ है। $f(x) = \left(\frac{x-2}{x-3}\right)$ द्वारा परिभाषित फलज $f : A \to B$ पर विचार कीजिए। क्या f एकैकी तथा आच्छादक है?

Sol. एकैकी = माना $f(x) = f(y)$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-2}{x-3} = \frac{y-2}{y-3}$$

$$\Rightarrow \quad (y - 3)(x - 2) = (x - 3)(y - 2)$$

$$\Rightarrow \quad yx - 2y - 3x + 6 = xy - 2x - 3y + 6$$

$$\Rightarrow \quad -2y - 3x = -2x - 3y$$

$$\Rightarrow \quad x = y$$

अतः f एकैकी है।

आच्छादक :– माना $f(x) = y$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-2}{x-3} = y$$

$$\Rightarrow \quad y(x - 3) = (x - 2)$$

$$\Rightarrow \quad xy - x = 3y - 2$$

$$\Rightarrow \quad x(y - 1) = 3y - 2$$

$$\Rightarrow \quad \frac{3y-2}{y-1} = x$$

अपरिभाषित होगा यदि $y = 1$,

$\because B = R - \{1\}$ है।

अतः फलन आच्छादक है।

अध्याय – 2
प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन

अंकभार (1 + 1 + 1 + 1 = 4)

1. $\cot^{-1}\left(\frac{-1}{\sqrt{3}}\right)$ का मुख्य मान है –

(1) $\frac{2\pi}{3}$ (2) $\frac{\pi}{3}$

(3) $-\frac{\pi}{3}$ (4) $\frac{2\pi}{6}$

2. $\sin\left(\frac{\pi}{3}-\sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right)\right)$ का मान है–

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{1}{4}$ (4) 1

3. $\tan^{-1}\sqrt{3}-\cot^{-1}\left(-\sqrt{3}\right)$ का मान है–

(1) π (2) $-\frac{\pi}{2}$

(3) 0 (4) $2\sqrt{3}$

4. $\sin\left(\tan^{-1}x\right), |x|<1$ बराबर होता है–

(1) $\frac{x}{\sqrt{1-x^2}}$ (2) $\frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$

(3) $\frac{1}{\sqrt{1+x^2}}$ (4) $\frac{x}{\sqrt{1+x^2}}$

5. $\sin^{-1}x = y$ तो

(1) $0 \le y \le \pi$ (2) $-\frac{\pi}{2} \le y \le \frac{\pi}{2}$

(3) $0 < y < \pi$ (4) $-\frac{\pi}{2} < y < \frac{\pi}{2}$

6. $\sin^{-1}x$ का मुख्य मान है –

(1) $\left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$ (2) $[0, \pi]$

(3) $[0, 2\pi]$ (4) $\left(-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right)$

-: Answer :-

1-1, 2-4, 3-2, 4-4, 5-2, 6-1

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

7. $\cos^{-1}\left(\cos\frac{13\pi}{6}\right) = ...$

Ans. $\cos^{-1}x$ का मुख्य मान = $[0, \pi]$

$$\cos^{-1}\left(\cos\frac{13\pi}{6}\right) = \cos^{-1}\left(\cos\left(2\pi+\frac{\pi}{6}\right)\right)$$

$$= \cos^{-1}\left(\cos\frac{\pi}{6}\right) = \frac{\pi}{6}$$

8. $\sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right) = ...$

Ans. $\because \sin^{-1}(-x) = -\sin^{-1}x$, $\sin^{-1}x$ का मुख्य मान

$$= \left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$$

$$\therefore \sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right) = -\sin^{-1}\frac{1}{2} = -\frac{\pi}{6}$$

9. $\cos^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{2}}\right) = ...$

Ans. $\because \cos^{-1}(-x) = \pi - \cos^{-1}x$, $\cos^{-1}x$ का मुख्यमान $= [0, \pi]$

$$\cos^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{2}}\right) = \pi - \cos^{-1}\frac{1}{\sqrt{2}}$$

$$= \pi - \frac{\pi}{4} = \frac{3\pi}{4}$$

10. यदि $\sin\left(\sin^{-1}\frac{1}{5}+\cos^{-1}x\right)=1$ तब $x = ...$

Ans. $\sin\left(\sin^{-1}\frac{1}{5}+\cos^{-1}x\right)=1$

$$\Rightarrow \sin^{-1}\frac{1}{5}+\cos^{-1}x = \sin^{-1}1$$

$$\Rightarrow \sin^{-1}\frac{1}{5}+\cos^{-1}x = \frac{\pi}{2}\left[\because \sin\frac{\pi}{2}=1\right]$$

$\Rightarrow \cos^{-1} x = \frac{\pi}{2} - \sin^{-1}\frac{1}{5}$

$\Rightarrow \cos^{-1} x = \cos^{-1}\frac{1}{5} \qquad \left[\because \sin^{-1} x + \cos^{-1} x = \frac{\pi}{2}\right]$

$\Rightarrow x = \frac{1}{5}$

11. सिद्ध करो $\sin^{-1}\left(2x\sqrt{1-x^2}\right) = 2\sin^{-1} x, \; x \in \left[-\frac{1}{\sqrt{2}}, \frac{1}{\sqrt{2}}\right]$

Sol. माना $x = \sin\theta \qquad \Rightarrow \theta = \sin^{-1} x$

$\sin^{-1}\left(2x\sqrt{1-x^2}\right) = \sin^{-1}\left(2\sin\theta\sqrt{1-\sin^2\theta}\right)$

$= \sin^{-1}(2\sin\theta\cos\theta) \quad \left[\because 1-\sin^2\theta = \cos^2\theta\right]$

$= \sin^{-1}(\sin 2\theta)$

$= 2\theta$

$= 2\sin^{-1} x$

12. $\sin^{-1}\left(\sin\frac{3\pi}{5}\right) = ...$

Ans. $\sin^{-1} x$ का मुख्यमान $= \left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$

$\therefore \sin^{-1}\left(\sin\frac{3\pi}{5}\right) = \sin^{-1}\left(\sin\left(\pi - \frac{3\pi}{5}\right)\right) = \sin^{-1}\left(\sin\frac{2\pi}{5}\right) = \frac{2\pi}{5}$

13. $\cot\left(\tan^{-1} a + \cot^{-1} a\right) = ...$

Ans. $\cot\left(\tan^{-1} a + \cot^{-1} a\right) = \cot\frac{\pi}{2}$

$\left[\because \tan^{-1} x + \cot^{-1} x = \frac{\pi}{2}\right]$

$= 0$

14. $\tan^{-1}(1) + \cos^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right) + \sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right) = ...$

Ans. $\tan^{-1}(1) + \cos^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right) + \sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right)$

$= \tan^{-1}(1) + \left[\pi - \cos^{-1}\left(\frac{1}{2}\right)\right] + \left[-\sin^{-1}\left(-\frac{1}{2}\right)\right]$

$\left[\begin{array}{l}\because \sin^{-1}(-x) = -\sin^{-1} x \\ \cos^{-1}(-x) = \pi - \cos^{-1} x\end{array}\right]$

$= \frac{\pi}{4} + \left(\pi - \frac{\pi}{3}\right) + \left(-\frac{\pi}{6}\right)$

$= \frac{\pi}{4} + \frac{2\pi}{3} - \frac{\pi}{6} = \frac{3\pi + 8\pi - 2\pi}{12} = \frac{9\pi}{12} = \frac{3\pi}{4}$

15. $\tan^{-1}\frac{2}{11} + \tan^{-1}\frac{7}{24}$ का मान ..... है।

Ans. $\tan^{-1}\frac{2}{11} + \tan^{-1}\frac{7}{24} = \tan^{-1}\left[\frac{\frac{2}{11} + \frac{7}{24}}{1 - \frac{2}{11}\times\frac{7}{24}}\right]$

$\left[\because \tan^{-1} x + \tan^{-1} y = \tan^{-1}\left(\frac{x+y}{1-xy}\right)\right]$

$= \tan^{-1}\left[\frac{\frac{48+77}{264}}{1 - \frac{14}{264}}\right]$

$= \tan^{-1}\left[\frac{\frac{125}{264}}{\frac{264-14}{264}}\right] = \tan^{-1}\frac{\frac{125}{264}}{\frac{250}{264}} = \tan^{-1}\left[\frac{125}{250}\right] = \tan^{-1}\frac{1}{2}$

16. x का मान ज्ञात करे :–

$\tan^{-1}\frac{1-x}{1+x} = \frac{1}{2}\tan^{-1} x, \quad (x > 0)$

Sol. $\Rightarrow \; 2\tan^{-1}\frac{1-x}{1+x} = \tan^{-1} x$

$\Rightarrow \; \tan^{-1}\left[\frac{2\left(\frac{1-x}{1+x}\right)}{1-\left(\frac{1-x}{1+x}\right)^2}\right] = \tan^{-1} x$

$\Rightarrow \; \tan^{-1}\left[\frac{2(1-x)(1+x)}{(1+x)^2 - (1-x)^2}\right] = \tan^{-1} x$

$\Rightarrow \; \frac{1-x^2}{2x} = x$

$\Rightarrow \; 1 - x^2 = 2x^2$

$\Rightarrow \; x = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$

$\because x > 0 \quad \Rightarrow x = \frac{1}{\sqrt{3}}$

17. फलन $\tan^{-1}\left[\sqrt{\left(\frac{1-\cos x}{1+\cos x}\right)}\right]$, $0 < x < \pi$ को सरलत्तम रूप में लिखिए।

<u>हलः–</u> $\tan^{-1}\left[\sqrt{\left(\frac{1-\cos x}{1+\cos x}\right)}\right]$

$= \tan^{-1}\left[\sqrt{\left(\frac{1-1+2\sin^2\frac{x}{2}}{1+2\cos^2\frac{x}{2}-1}\right)}\right]$

$= \tan^{-1}\left[\sqrt{\frac{2\sin^2\frac{x}{2}}{2\cos^2\frac{x}{2}}}\right]$

$= \tan^{-1}\left[\frac{\sin\frac{x}{2}}{\cos\frac{x}{2}}\right] = \tan^{-1}\left[\tan\frac{x}{2}\right] = \frac{x}{2}$ **उत्तर**

18. सिद्ध कीजिए –

$\tan^{-1}\left(\sqrt{3}\right) = \frac{1}{2}\cos^{-1}\left(\frac{1-x}{1+x}\right),\ x \in [0,1]$

<u>हलः–</u> R.H.S $\frac{1}{2}\cos^{-1}\left(\frac{1-x}{1+x}\right)$

माना कि $x = \tan^2\theta$ या $\tan\theta = \sqrt{x}$ या $\theta = \tan^{-1}\left(\sqrt{x}\right)$

$= \frac{1}{2}\cos^{-1}\left(\frac{1-\tan^2\theta}{1+\tan^2\theta}\right)$

$= \frac{1}{2}\cos^{-1}(\cos 2\theta)$

$= \frac{1}{2}\times 2\theta$

$= \theta$

$= \tan^{-1}\left(\sqrt{x}\right) =$ L.H.S.

19. सिद्ध कीजिए :–

$\frac{9\pi}{8} - \frac{9}{4}\sin^{-1}\left(\frac{1}{3}\right) = \frac{9}{4}\sin^{-1}\left(\frac{2\sqrt{2}}{3}\right)$

<u>हलः–</u> L.H.S. $\frac{9\pi}{8} - \frac{9}{4}\sin^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$

$= \frac{9}{4}\left(\frac{\pi}{2} - \sin^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)\right) \qquad \left\{\because \sin^{-1}x + \cos^{-1}x = \frac{\pi}{2}\right\}$

$= \frac{9}{4}\cos^{-1}\left(\frac{1}{3}\right) \qquad \left\{\cos^{-1}x = \sin^{-1}\left[\sqrt{(1-x^2)}\right]\right\}$

$= \frac{9}{4}\sin^{-1}\left\{\sqrt{\left\{1-\left(\frac{1}{2}\right)^2\right\}}\right\}$

$= \frac{9}{4}\sin^{-1}\left\{\sqrt{\frac{9-1}{9}}\right\}$

$= \frac{9}{4}\sin^{-1}\left\{\frac{\sqrt{8}}{3}\right\} = \frac{9}{4}\sin^{-1}\left\{\frac{2\sqrt{2}}{3}\right\} =$ R.H.S.

20. सिद्ध कीजिए :–

$\tan^{-1}\left(\frac{1}{5}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{7}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{3}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{8}\right) = \frac{\pi}{4}$

<u>हलः–</u> L.H.S. $\tan^{-1}\left(\frac{1}{5}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{7}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{3}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{1}{8}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{\frac{1}{5}+\frac{1}{7}}{1-\frac{1}{5\times 7}}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{8}}{1-\frac{1}{3}\times\frac{1}{8}}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{\frac{7+5}{35}}{\frac{35-1}{35}}\right) + \tan^{-1}\left(\frac{\frac{8+3}{24}}{\frac{24-1}{24}}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{\frac{6}{17}+\frac{11}{23}}{1-\frac{6\times 11}{17\times 23}}\right) = \tan^{-1}\left(\frac{138+187}{391-66}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{325}{325}\right) = \tan^{-1}(1) = \frac{\pi}{4} =$ R.H.S.

21 हल कीजिए–

$$\cos^{-1}\left[\frac{x^2-1}{x^2+1}\right]+\tan^{-1}\left(\frac{2x}{x^2-1}\right)=\frac{2\pi}{3}$$

Sol. $\cos^{-1}\left[\frac{x^2-1}{x^2+1}\right]+\tan^{-1}\left(\frac{2x}{x^2-1}\right)=\frac{2\pi}{3}$

$$\Rightarrow \cos^{-1}\left[-\left(\frac{1-x^2}{1+x^2}\right)\right]+\tan^{-1}\left(\frac{-2x}{1-x^2}\right)=\frac{2\pi}{3}$$

$$\Rightarrow \pi-\cos^{-1}\left(\frac{1-x^2}{1+x^2}\right)-\tan^{-1}\frac{2x}{1-x^2}=\frac{2\pi}{3}$$

$$\Rightarrow \pi-2\tan^{-1}x-2\tan^{-1}x=\frac{2\pi}{3}$$

$$\Rightarrow \pi-4\tan^{-1}x=\frac{2\pi}{3}$$

$$\Rightarrow 4\tan^{-1}x=\pi-\frac{2\pi}{3}$$

$$\Rightarrow 4\tan^{-1}x=\frac{\pi}{3}$$

$$\Rightarrow \tan^{-1}x=\frac{\pi}{12}$$

$$\Rightarrow x=\tan\frac{\pi}{12}$$

21. $\sin^{-1}\frac{8}{17}+\sin^{-1}\frac{3}{5}=\tan^{-1}\frac{77}{36}$ दोनों $\sin^{-1}$ फलनों को जोड़ने के लिए हम निम्न संबंध का प्रयोग करते हैं।

$$\sin^{-1}x+\sin^{-1}y=\sin^{-1}\left(x\sqrt{1-y^2}+y\sqrt{1-x^2}\right)$$

Sol. ज्ञात है, $\sin^{-1}\left(\frac{8}{17}\right)+\sin^{-1}\left(\frac{3}{5}\right)=\tan^{-1}\frac{77}{36}$

बॉया पक्ष =

$$\sin^{-1}\left(\frac{8}{17}\right)+\sin^{-1}\left(\frac{3}{5}\right)=\sin^{-1}\left[\frac{8}{17}\sqrt{1-\left(\frac{3}{5}\right)^2}+\frac{3}{5}\sqrt{1-\left(\frac{8}{17}\right)^2}\right]$$

$$\left[\because \sin^{-1}x+\sin^{-1}y=\sin^{-1}\left(x\sqrt{1-y^2}+y\sqrt{1-x^2}\right)\right.$$

$$=\sin^{-1}\left(\frac{8}{17}\times\frac{4}{5}+\frac{3}{5}\times\frac{15}{17}\right)=\sin^{-1}\left(\frac{77}{85}\right)$$

$$=\tan^{-1}\left[\frac{\frac{77}{85}}{\sqrt{1-\left(\frac{77}{85}\right)^2}}\right]\quad\left(\because \sin^{-1}x=\tan^{-1}\frac{x}{\sqrt{1-x^2}}\right)$$

$$=\tan^{-1}\left(\frac{77}{85}\times\frac{85}{36}\right)$$

$$=\tan^{-1}\frac{77}{36}=\text{दायाँ पक्ष}$$

अध्याय – 3
मैट्रिक्स

अंकभार (1 + 1 + 1 + 2 = 5)

1. यदि $A=\begin{bmatrix}1\\2\\3\end{bmatrix}$, $B=[-1, 2, 3]$ है तो [AB] मैट्रिक्स की कोटि होगी?
   (1) 1×1 (2) 3×3
   (3) 3×2 (4) 2×3
2. यदि वर्ग मैट्रिक्स A एक सममित मैट्रिक्स है तो मैट्रिक्स $A+A^1$ होगी –
   (1) सममित मैट्रिक्स (2) विषम सममित मैट्रिक्स
   (3) सममित तथा विषम दोनों (4) इनमें से कोई नहीं
3. यदि A एक वर्ग आव्यूह इस प्रकार है कि $A^2 = A$ तो $(2+A)^3$-7A बराबर है –
   (1) A (2) I - A
   (3) I (4) 3A
4. यदि A तथा B समान कोटि के सममित आव्युह है तो AB - BA एक :–
   (1) शुन्य आव्युह (2) सममित आव्युह
   (3) विषम सममित आव्यूह (4) तत्समक आव्युह
5. यदि $A=\begin{bmatrix}\cos\alpha & -\sin\alpha\\ \sin\alpha & \cos\alpha\end{bmatrix}$ तथा $A+A'=I$, हो तो α का मान होगा?
   (1) $\frac{\pi}{6}$ (2) $\frac{\pi}{3}$
   (3) π (4) $\frac{3\pi}{2}$
6. आव्यूह A तथा B एक दूसरे के व्युत्क्रम होंगे केवल यदि –
   (1) AB = BA (2) AB = BA = 0
   (3) AB = 0, BA = I (4) AB = BA = I
7. यदि $A=\begin{bmatrix}\alpha & \beta\\ \gamma & -\alpha\end{bmatrix}$ इस प्रकार है कि $A^2 = I$ तो
   (1) $1+\alpha^2+\beta\gamma=0$ (2) $1-\alpha^2+\beta\gamma=0$
   (3) $1-\alpha^2-\beta\gamma=0$ (4) $1+\alpha^2-\beta\gamma=0$
8. यदि A एक समंमित और विषमसममीत दोनों ही आव्यूह है तो :–
   (1) A एक विकर्ण आव्यूह है। (2) A एक शून्य आव्यूह है।
   (3) A एक वर्ग आव्यूह है। (4) इनमें से कोई नहीं
9. आव्यूहों में परिवर्त के गुणधर्म के आधार पर असत्य विकल्प का चयन कीजिए–
   (1) (AB)' = B' A'
   (2) (A+B)' = A'+B'
   (3) (KA)' = KA' (जहाँ K कोई अचर है।)
   (4) (AB)' = A' B'
10. किसी वर्ग आव्यूह A के लिए A + A' होगा –
    (1) इकाई आव्यूह (2) सममित आव्यूह
    (3) विषम सममित आव्यूह (4) शून्य आव्यूह
11. यदि आव्यूह $B=[b_{ij}]_{2\times4}$ हो, तो B में अवयवों की संख्या होगी–
    (1) 2 (2) 4
    (3) 6 (4) 8
12. यदि आव्यूह A और B के क्रम क्रमशः $m \times n$ तथा $n \times p$ है तो AB का क्रम है –
    (1) $p \times m$ (2) $n \times m$
    (3) $n \times p$ (4) $m \times p$
13. यदि A तथा B समान कोटि के सममित आव्यूह है तो AB - BA एक है –
    (1) विषम सममित आव्यूह (2) सममित आव्यूह
    (3) शून्य आव्यूह (4) तत्समक आव्यूह

-: Answer :-

1-, 2-, 3-, 4-, 5-2, 6-4, 7-3, 8-2, 9-4,

10-2, 11-4, 12-4, 13-1

14. एक 2×2 आव्युह $A=[a_{ij}]$ की रचना कीजिए

    यदि $a_{ij}=\frac{(i+j)^2}{2}$ से प्रदत्त है।

Ans. माना 2×2 का आव्यूह $A=\begin{bmatrix}a_{11} & a_{12}\\ a_{21} & a_{22}\end{bmatrix}$

$$\because a_{ij}=\frac{(i+j)^2}{2}$$

$a_{11} = \frac{(1+1)^2}{2} = 2,\ a_{12} = \frac{(1+2)^2}{2} = \frac{9}{2}$

इसी प्रकार $a_{21} = \frac{9}{2},\ a_{22} = 8$

अतः $A = \begin{bmatrix} 2 & 9/2 \\ 9/2 & 8 \end{bmatrix}$

15. यदि $A = \begin{bmatrix} 6 & 9 \\ 2 & 3 \end{bmatrix}$ तथा

$B = \begin{bmatrix} 2 & 6 & 0 \\ 7 & 9 & 8 \end{bmatrix}$ है तो AB ज्ञात कीजिए –

Ans. $AB = \begin{bmatrix} 6 & 9 \\ 2 & 3 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 2 & 6 & 0 \\ 7 & 9 & 8 \end{bmatrix}$

$= \begin{bmatrix} 12+63 & 36+81 & 0+72 \\ 4+21 & 12+27 & 0+24 \end{bmatrix}$

$= \begin{bmatrix} 75 & 117 & 72 \\ 25 & 39 & 24 \end{bmatrix}$

16. यदि $x\begin{bmatrix} 2 \\ 3 \end{bmatrix} + y\begin{bmatrix} -1 \\ 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 10 \\ 5 \end{bmatrix}$ है तो x तथा y के मान ज्ञात कीजिए –

Ans. यहाँ $x\begin{bmatrix} 2 \\ 3 \end{bmatrix} + y\begin{bmatrix} -1 \\ 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 10 \\ 5 \end{bmatrix}$

$= \begin{bmatrix} 2x \\ 3x \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} -y \\ y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 10 \\ 5 \end{bmatrix}$

$= \begin{bmatrix} 2x-y \\ 3x+y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 10 \\ 5 \end{bmatrix}$

$= 2x - y = 10$ ..... (1)

$3x + y = 5$ ..... (2)

समीकरण (1) व (2) को हल करने पर

$x = 3,\ y = -4$

17. सिद्ध कीजिए कि आव्युह $A = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix}$ के लिए $(A + A^1)$ एक सममित आव्युह है।

Sol. हम जानते है कि $(A + A^1)$ आव्युह सममित होती है यदि $(A + A^1) = A + A^1$

यहाँ LHS $(A + A^1)^1$

$= \left[\begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix}^1\right]^1$

$= \left[\begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 6 \\ 5 & 7 \end{bmatrix}^1\right]^1$

$= \left[\begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 6 \\ 5 & 7 \end{bmatrix}\right]^1$

$= \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}^1 = \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}$

अतः $(A + A^1) = \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}$.....(1)

RHS $(A + A^1) = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 6 \\ 5 & 7 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}$

$(A + A^1) = \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}$ ..... (2)

समीकरण (1) व (2) से स्पष्ट है कि $A + A^1$ एक सममित आव्यूह है।

18. यदि $\begin{bmatrix} x & -5 & -1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 0 & 2 \\ 0 & 2 & 1 \\ 2 & 0 & 3 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} x \\ 4 \\ 1 \end{bmatrix} = 0$ है तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Sol. यहाँ $\begin{bmatrix} x & -5 & -1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 0 & 2 \\ 0 & 2 & 1 \\ 2 & 0 & 3 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} x \\ 4 \\ 1 \end{bmatrix} = 0$

$\begin{bmatrix} x & -5 & -1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} x+2 \\ 9 \\ 2x+3 \end{bmatrix} = 0$

$[x^2 + 2x - 45 - 2x - 3] = 0$

$[x^2 - 48] = [0]$

$x^2 - 48 = 0$

$x^2 = 48$

$x = \pm 4\sqrt{3}$

19. आव्युह $A = \begin{bmatrix} 3 & 5 \\ 1 & -1 \end{bmatrix}$ को एक सममित आव्युह तथा एक विषम सममित आव्युह के योगफल के रूप में ज्ञात कीजिए।

Ans. यहाँ $A=\begin{bmatrix}3 & 5\\ 1 & -1\end{bmatrix}$ $A^1=\begin{bmatrix}3 & 1\\ 5 & -1\end{bmatrix}$

माना $P=\frac{1}{2}(A+A^1)$

$$P=\frac{1}{2}\begin{bmatrix}6 & 6\\ 6 & -2\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}3 & 3\\ 3 & -1\end{bmatrix}$$

$$P=\begin{bmatrix}3 & 3\\ 3 & -1\end{bmatrix} \Rightarrow P^1=\begin{bmatrix}3 & 3\\ 3 & -1\end{bmatrix}$$

अतः $P=\frac{1}{2}(A+A^1)$ एक सममित आव्युह है।

माना $Q=\frac{1}{2}(A-A^1)$

$$Q=\frac{1}{2}\begin{bmatrix}0 & 4\\ -4 & 0\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}0 & 2\\ -2 & 0\end{bmatrix}$$

$$Q^1=\begin{bmatrix}0 & -2\\ 2 & 0\end{bmatrix}$$

$$Q^1 = -Q$$

अतः $Q=\frac{1}{2}(A-A^1)$ एक विषम सममित आव्यूह है।

अब $P+Q=\begin{bmatrix}3 & 3\\ 3 & -1\end{bmatrix}+\begin{bmatrix}0 & 2\\ -2 & 0\end{bmatrix}$

$$P+Q=\begin{bmatrix}3 & 5\\ 1 & -1\end{bmatrix}=A$$

अतः $A = P + Q$

अतः मैट्रिक्स A को सममित तथा विषम सममित के योगफल के शून्य में व्यक्त किया जा सकता है।

20. वास्तविक अवयवों वाले किसी वर्ग आव्यूह A के लिए सिद्ध कीजिए कि $A + A^1$ सममित आव्युह है तथा $A - A^1$ विषम सममित आव्युह है।

Ans. सिद्ध करना है :–

(i) $(A+A^1)$ एक सममित आव्युह है अर्थात् $(A+A^1)^1 = A + A^1$

(ii) $(A+A^1)$ एक विषम सममित आव्युह है अर्थात् $(A+A^1)^1 = -(A+A^1)$

यहाँ $(A+A^1)^1 = A^1 + (A^1)^1$

$= A^1 + A$ $\{\because (A^1)^1 = A\}$

अतः $(A+A^1)^1 = A^1 + A$

अतः $A + A^1$ सममित है।

अब $(A - A^1)^1 = A^1 - (A^1)^1$

$= A^1 - A$

$(A - A^1)^1 = -(A - A^1)$

अतः $(A - A^1)$ एक विषम सममित आव्यूह है।

21. यदि $F(x)=\begin{bmatrix}\cos x & -\sin x & 0\\ \sin x & \cos x & 0\\ 0 & 0 & 1\end{bmatrix}$ है तो सिद्ध कीजिए

$F(x).F(y)=F(x+y)$

Ans. $F(y)$ के लिए x के स्थान पर y रखे तथा इसी प्रकार $F(x+y)$ के लिए x के स्थान पर $x+y$ रखे।

बांया भाग

$$F(x).F(y)=\begin{bmatrix}\cos x & -\sin x & 0\\ \sin x & \cos x & 0\\ 0 & 0 & 1\end{bmatrix}\begin{bmatrix}\cos y & -\sin y & 0\\ \sin y & \cos y & 0\\ 0 & 0 & 1\end{bmatrix}$$

या $F(x)F(y)=\begin{bmatrix}\cos x\cos y-\sin x\sin y & -\cos x\sin y-\sin x\cos y & 0\\ \sin x\cos y+\cos x\sin y & -\sin x\sin y+\cos x\cos y & 0\\ 0 & 0 & 1\end{bmatrix}$

$\begin{bmatrix}\therefore \cos(A+B)=\cos A\cos B-\sin A\sin B\\ \therefore \sin(A+B)=\sin A\cos B+\cos A\sin B\end{bmatrix}$

या $F(x).F(y)=\begin{bmatrix}\cos(x+y & -\sin(x+y) & 0\\ \sin(x+y) & \cos(x+y) & 0\\ 0 & 0 & 1\end{bmatrix}$

या $F(x).F(y)=F(x+y)$

22. यदि $A=\begin{bmatrix}3 & -2\\ 4 & -2\end{bmatrix}$ तथा $I=\begin{bmatrix}1 & 0\\ 0 & 1\end{bmatrix}$ एवं $A^2=k.A-2I$

हो तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans. $A^2=A.A=\begin{bmatrix}3 & -2\\ 4 & -2\end{bmatrix}.\begin{bmatrix}3 & -2\\ 4 & -2\end{bmatrix}$

या $A^2=\begin{bmatrix}9-8 & -6+4\\ 12-8 & -8+4\end{bmatrix}$

या $A^2=\begin{bmatrix}1 & -2\\ 4 & -4\end{bmatrix}$ $\therefore A^2=k.A-2I$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} 1 & -2 \\ 4 & -4 \end{bmatrix} = k\begin{bmatrix} 3 & -2 \\ 4 & -2 \end{bmatrix} - 2\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} 1 & -2 \\ 4 & -4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 3k & -2k \\ 4k & -2k \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 2 & 0 \\ 0 & -2 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} 1 & -2 \\ 4 & -4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 3k-2 & -2k \\ 4k & -2k-2 \end{bmatrix}$$

समान आव्यूह के गुणधर्म द्वारा समान आव्यूह के संगत अवयवों को समान रखने पर

$3k-2=1 \Rightarrow k=1$

$-2k=-2 \Rightarrow k=1$ अतः $k=1$

$4k=4 \Rightarrow k=1$

$-4=-2k-2 \Rightarrow k=1$

23. यदि $A' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$ है तो $(A+2B)'$ ज्ञात कीजिए।

Ans. दिया गया है– $A' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$

अतः $B' = \begin{bmatrix} -1 & 1 \\ 0 & 2 \end{bmatrix}$

$\therefore (A+2B)' = A' + (2B)'$

$\Rightarrow (A+2B)' = A' + 2B'$

$$\Rightarrow (A+2B)' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix} + 2\begin{bmatrix} -1 & 1 \\ 0 & 2 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow (A+2B)' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} -2 & 2 \\ 0 & 4 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow (A+2B)' = \begin{bmatrix} -2-2 & 3+2 \\ 1+0 & 2+4 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow (A+2B)' = \begin{bmatrix} -4 & 5 \\ 1 & 6 \end{bmatrix}$$

24. $\begin{bmatrix} \cos^2 x & \sin^2 x \\ \sin^2 x & \cos^2 x \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} \sin^2 x & \cos^2 x \\ \cos^2 x & \sin^2 x \end{bmatrix}$ को हल कीजिए–

Ans. $\begin{bmatrix} \cos^2 x + \sin^2 x & \sin^2 x + \cos^2 x \\ \sin^2 x + \cos^2 x & \cos^2 x + \sin^2 x \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

25. एक ऐसे 2×2 आव्यूह $A = [a_{ij}]$ की रचना कीजिए जिसके अवयव $a_{ij} = |-5j + 2j|$ द्वारा दिए जाते है –

Ans. $a_{ij} = |-5i + 2j|$

$a_{11} = |-5\times1 + 2\times1| = |-5+2| = 3$

$a_{12} = |-5\times1 + 2\times2| = |-5+4| = 1$

$a_{21} = |-5\times2 + 2\times1| = |-10+2| = 8$

$a_{22} = |-5\times2 + 2\times2| = |-10+4| = 6$

$$\therefore A = \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ 8 & 6 \end{bmatrix}_{2\times2}$$

26. सरल कीजिए –

$$\cos\theta\begin{bmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & \cos\theta \end{bmatrix} + \sin\theta\begin{bmatrix} \sin\theta & -\cos\theta \\ \cos\theta & \sin\theta \end{bmatrix}$$

Ans. $$\cos\theta\begin{bmatrix} \cos\theta & \sin\theta \\ -\sin\theta & \cos\theta \end{bmatrix} + \sin\theta\begin{bmatrix} \sin\theta & -\cos\theta \\ \cos\theta & \sin\theta \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} \cos^2\theta & \cos\theta\sin\theta \\ -\cos\theta\sin\theta & \cos^2\theta \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} \sin^2\theta & -\sin\theta\cos\theta \\ \sin\theta\cos\theta & \sin^2\theta \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} \cos^2\theta+\sin^2\theta & \cos\theta\sin\theta-\sin\theta\cos\theta \\ -\cos\theta\sin\theta+\sin\theta\cos\theta & \cos^2\theta+\sin^2\theta \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

अध्याय – 4
सारणिक

अंकभार (1 + 1 + 1 + 2 = 5)

1. $\begin{vmatrix} x & x+1 \\ x-1 & x \end{vmatrix}$ का मान होगा?

(1) 0 (2) 1

(3) –1 (4) 3

2. यदि $\begin{vmatrix} x & 2 \\ 18 & x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 6 & 2 \\ 18 & 6 \end{vmatrix}$ हो तो x बराबर है–

(1) 6 (2) –6

(3) ± 6 (4) 0

3. तीन संरेख बिन्दुओं से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा –

(1) 0 (2) 1

(3) –1 (4) ± 1

4. यदि n कोटि का एक वर्ग आव्यूह A हो तो |adj(A)| होगा–

(1) |A| (2) $|A|^n$

(3) $|A|^{n+1}$ (4) $|A|^{n-1}$

5. यदि A कोटि दो का व्युत्क्रमणीय आव्यूह हो, तो del (A^{-1}) होगा–

(1) del(A) (2) $\frac{1}{del(A)}$

(3) 1 (4) 0

6. यदि आव्यूह A अव्युत्क्रमीण है तो |A| का मान होगा –

(1) | A | = 0 (2) | A | ≠ 0

(3) | A | = 1 (4) None of these

Ans. (1)

-: Answer:-

1-2, 2-3, 3-1, 4-4, 5-2, 6-1

रिक्त स्थान

7. यदि AB = BA = I तो B^{-1} .....

Ans. $B^{-1} = A$

8. यदि $\begin{vmatrix} 2 & 3 \\ x & 4x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 1 & 3 \\ 2 & 6 \end{vmatrix}$ तो x = ...

Ans. $8x - 3x = 6 - 6 = 0$

$5x = 0$

$x = 0$

9. यदि आव्यूह A प्रतिलोमीय नहीं है तब |A| = ...

Ans. | A | = 0

10. आव्यूह $\begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix}$ का सहखण्डज आव्यूह ..... होगा।

Ans. $\begin{bmatrix} 4 & -2 \\ -3 & 1 \end{bmatrix}$

11. यदि बिन्दु $(\lambda,3), (-2,4), (3,1)$ संरेख है तब λ = ...

Ans. $\begin{vmatrix} \lambda & 3 & 1 \\ -2 & 4 & 1 \\ 3 & 1 & 1 \end{vmatrix} = 0$

$\Rightarrow \lambda(4-1) - 3(-2-3) + 1(-2-12) = 0$

$\Rightarrow 3\lambda + 15 - 14 = 0$

$\Rightarrow 3\lambda + 1 = 0$

$\Rightarrow 3\lambda = -1$

$\Rightarrow \boxed{\lambda = -\frac{1}{3}}$

12. यदि आव्यूह $A = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 4 & -5 \end{bmatrix}$ तो A^{-1} = ...

Ans. $|A| = \begin{vmatrix} -2 & 3 \\ 4 & -5 \end{vmatrix} = 10 - 12 = -2$

तब $A^{-1} = \frac{1}{|A|}\text{adj }(A) = -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} -5 & -3 \\ -4 & -2 \end{bmatrix} = \frac{1}{2}\begin{bmatrix} 5 & 3 \\ 4 & 2 \end{bmatrix}$

13. यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & \cos\alpha & \sin\alpha \\ 0 & \sin\alpha & -\cos\alpha \end{bmatrix}$ हो, तो A^{-1} ज्ञात कीजिए–

Ans. $|A| = \begin{vmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & \cos\alpha & \sin\alpha \\ 0 & \sin\alpha & -\cos\alpha \end{vmatrix}$

$|A| = -\cos^2\alpha + \sin^2\alpha = -(\cos^2\alpha + \sin^2\alpha) = -1$

$\therefore \quad A_{11} = (-1)^{1+1} M_{11} = \begin{vmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ \sin\alpha & -\cos\alpha \end{vmatrix} = -\cos^2\alpha - \sin^2\alpha = -1$

$A_{12} = (-1)^{1+2} M_{12} = \begin{vmatrix} 0 & \sin\alpha \\ 0 & -\cos\alpha \end{vmatrix} = 0$

$A_{13} = (-1)^{1+3} M_{13} = \begin{vmatrix} 0 & \cos\alpha \\ 0 & \sin\alpha \end{vmatrix} = 0$

$A_{21} = (-1)^{2+1} M_{21} = \begin{vmatrix} 0 & 0 \\ \sin\alpha & -\cos\alpha \end{vmatrix} = 0$

$A_{22} = (-1)^{2+2} M_{22} = \begin{vmatrix} 1 & 0 \\ 0 & -\cos\alpha \end{vmatrix} = -\cos\alpha$

$A_{23} = (-1)^{2+3} M_{23} = -\begin{vmatrix} 1 & 0 \\ 0 & \sin\alpha \end{vmatrix} = -\sin\alpha$

$A_{31} = (-1)^{3+1} M_{31} = \begin{vmatrix} 0 & 0 \\ \cos\alpha & \sin\alpha \end{vmatrix} = 0$

$A_{32} = (-1)^{3+2} M_{32} = -\begin{vmatrix} 1 & 0 \\ 0 & \sin\alpha \end{vmatrix} = -\sin\alpha$

$A_{33} = (-1)^{3+3} M_{33} = \begin{vmatrix} 1 & 0 \\ 0 & \cos\alpha \end{vmatrix} = \cos\alpha$

$\therefore \text{adj}_A = \begin{bmatrix} -1 & 0 & 0 \\ 0 & -\cos\alpha & -\sin\alpha \\ 0 & -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}^T$

$= \begin{bmatrix} -1 & 0 & 0 \\ 0 & -\cos\alpha & -\sin\alpha \\ 0 & -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$

$\therefore A^{-1} = \frac{1}{|A|}\text{adj}_A = -\begin{bmatrix} -1 & 0 & 0 \\ 0 & -\cos\alpha & -\sin\alpha \\ 0 & -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$

$= \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & \cos\alpha & \sin\alpha \\ 0 & \sin\alpha & -\cos\alpha \end{bmatrix}$

14. यदि $\begin{vmatrix} 3 & x \\ x & 1 \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 3 & 2 \\ 4 & 1 \end{vmatrix}$ तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans. दिया है कि $\begin{vmatrix} 3 & x \\ x & 1 \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 3 & 2 \\ 4 & 1 \end{vmatrix}$

या $3 - x^2 = 3 - 8$

या $x^2 = 8$

अतः $x = \pm 2\sqrt{2}$

15. यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 4 & 2 \end{bmatrix}$ तो दिखाइए $|2A| = 4|A|$

Ans. दिया गया है $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 4 & 2 \end{bmatrix}$

$|A| = 2 - 8 = -6$

$2A = 2\begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 4 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & 4 \\ 8 & 4 \end{bmatrix}$

$|2A| = 2 \times 4 - 8 \times 4 = 8 - 32 = -24$

अतः $|2A| = -24 = 4(-6) = 4|A|$

अतः $|2A| = 4|A|$

16. एक त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके शीर्ष (3, 8), (-4, 2) एवं (5, 1) है।

Ans. त्रिभुज का क्षेत्रफल

$\Delta = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} 3 & 8 & 1 \\ -4 & 2 & 1 \\ 5 & 1 & 1 \end{vmatrix} = \frac{1}{2}[3(2-1) - 8(-4-5) + 1(-4-10)]$

$\Delta = \frac{1}{2}(3 + 72 - 14)$

$\Delta = \frac{61}{2}$ वर्ग इकाई

17. आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 4 \end{bmatrix}$ का सहखंडज ज्ञात कीजिए।

Ans. हम जानते है कि $A_{11} = 4, A_{12} = -1$

$A_{21} = -3, A_{22} = 2$

अतः $adjA = \begin{bmatrix} A_{11} & A_{21} \\ A_{12} & A_{22} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 4 & -3 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$

18. सारणिक $\begin{vmatrix} 1 & -2 \\ 4 & 3 \end{vmatrix}$ के सभी अवयवों के उपसारणिक व सहखंड ज्ञात कीजिए।

Ans. अवयव a_{ij} का उपसारणिक M_{ij} है।

यहां $a_{11} = 1$, इसलिए $M_{11} = a_{11}$ का उपसारिणक $= 3$

$M_{12} =$ अवयव a_{12} का उपसारणिक $= 4$

$M_{21} =$ अवयव a_{21} का उपसारणिक $= -2$

$M_{22} =$ अवयव a_{22} का उपसारणिक $= 1$

अब a_{ij} का सहखंड A_{ij} है। इसलिए

$A_{11} = (-1)^{1+1} M_{11} = (-1)^2 (3) = 3$

$A_{12} = (-1)^{1+2} M_{12} = (-1)^3 (-4) = 4$

$A_{21} = (-1)^{2+1} M_{21} = (-1)^3 (-2) = 2$

$A_{22} = (-1)^{2+2} M_{22} = (-1)^4 (1) = 1$

19. सारणिकों का प्रयोग करके A(1,3) और B(0, 0) को जोड़ने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए और k का मान ज्ञात कीजिए। यदि एक बिन्दु D(k, 0) इस प्रकार है कि ΔABD का क्षेत्रफल 3 वर्ग इकाई है।

Ans. मान लीजिए, AB पर कोई बिन्दु P(x, y) है तब

ΔABP का क्षेत्रफल $= 0$

इसलिए $\frac{1}{2}\begin{vmatrix} 0 & 0 & 1 \\ 1 & 3 & 1 \\ x & y & 1 \end{vmatrix} = 0$

इससे प्राप्त है $\frac{1}{2}(y - 3x) = 0$

या $y = 3x$

जो अभीष्ट रेखा का समीकरण है।

किन्तु ΔABD का क्षेत्रफल 3 वर्ग इकाई दिया है अतः

$\frac{1}{2}\begin{vmatrix} 1 & 3 & 1 \\ 0 & 0 & 1 \\ k & 0 & 1 \end{vmatrix} = \pm 3$

हमें प्राप्त है $\frac{-3k}{2} = \pm 3$

अतः $k = \pm 2$

20. प्रदर्शित कीजिए कि आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$

समीकरण $A^2 - 4A + I = 0$, जहां $I, 2 \times 2$ कोटि का एक तत्समक आव्यूह है और $0, 2 \times 2$ कोटि का एक शून्य आव्यूह हैं इसकी सहायता से A^{-1} ज्ञात कीजिए।

Ans. हम जानते है कि

$A^2 = A.A = \begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 7 & 12 \\ 4 & 7 \end{bmatrix}$

अ त :

$A^2 - 4A + I = \begin{bmatrix} 7 & 12 \\ 4 & 7 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 8 & 12 \\ 4 & 8 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = 0$

अब $A^2 - 4A + I = 0$

$|A| = \begin{vmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 2 \end{vmatrix} = 4 - 3 = 1 \neq 0$

$\Rightarrow A^2 - 4A + I = 0$ को A^{-1} से गुणा करने पर

$\Rightarrow A^{-1}.(A^2 - 4A + I) = A^{-1}.0$

$\Rightarrow (A^{-1}.A)A - 4A^{-1}A + A^{-1} = 0$

$\Rightarrow A - 4I + A^{-1} = 0$

$\Rightarrow A^{-1} = 4I - A$

$A^{-1} = \begin{bmatrix} 4 & 0 \\ 0 & 4 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & -3 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$

अतः $A^{-1} = \begin{bmatrix} 2 & -3 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$

21. यदि $A = \begin{bmatrix} 3 & 7 \\ 2 & 5 \end{bmatrix}$ और $B = \begin{bmatrix} 6 & 8 \\ 7 & 9 \end{bmatrix}$ है तो सत्यापित कीजिए कि $(AB)^{-1} = B^{-1}A^{-1}$ है।

Ans. हम जानते है कि $AB = \begin{bmatrix} 3 & 7 \\ 2 & 5 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 6 & 8 \\ 7 & 9 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 67 & 87 \\ 47 & 61 \end{bmatrix}$

क्योंकि $|AB| = \begin{vmatrix} 67 & 87 \\ 47 & 61 \end{vmatrix} = 4087 - 4089 = -2 \neq 0$

$(AB)^{-1}$ का अस्तित्व है और इसे निम्नलिखित प्रकार से व्यक्त किया जाता है।

$(AB)^{-1} = \frac{1}{AB}.adj(AB) = -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} 61 & -87 \\ -47 & 67 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -\frac{61}{2} & \frac{87}{2} \\ \frac{47}{2} & -\frac{67}{2} \end{bmatrix}$

और $|A| = \begin{vmatrix} 3 & 7 \\ 2 & 5 \end{vmatrix} = 15 - 14 = 1 \neq 0$

और $|B| = \begin{vmatrix} 6 & 8 \\ 7 & 9 \end{vmatrix} = 54 - 56 = -2 \neq 0$

इसलिए A^{-1} एवं B^{-1} दोनों का अस्तित्व है और निम्न प्रकार से लिखा जा सकता है।

$$A^{-1} = \frac{1}{(A)} adj(A)$$

$$A^{-1} = \frac{1}{1}\begin{bmatrix} 5 & -7 \\ -2 & 3 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 5 & -7 \\ -2 & 3 \end{bmatrix}$$

एवं $B^{-1} = \frac{1}{|B|} adj(B) = -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} 9 & -8 \\ -7 & 6 \end{bmatrix}$

अतः $B^{-1}.A^{-1} = -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} 9 & -8 \\ -7 & 6 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 5 & -7 \\ -2 & 3 \end{bmatrix}$

$$= -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} 45+16 & -63-24 \\ -35-12 & 49+18 \end{bmatrix}$$

$$B^{-1}A^{-1} = -\frac{1}{2}\begin{bmatrix} 61 & -87 \\ -47 & 67 \end{bmatrix}$$

अतः $(AB)^{-1} = B^{-1}.A^{-1}$

22. सारणिकों का प्रयोग करके (1, 2) और (13, 6) को मिलाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

हलः– माना बिन्दु $A(1, 2)$ एवं $B(3, 6)$ को मिलाने वाली रेखा पर बिन्दु $P(x, y)$ है।

अतः बिन्दु A, P एंव B एक रेखा पर है या संरेख है अतः इन तीनों बिन्दुओं से बनने वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल का मान शून्य होगा।

अतः– $\Delta = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} x & y & 1 \\ 1 & 2 & 1 \\ 3 & 6 & 1 \end{vmatrix} = 0$

$$\Rightarrow \begin{vmatrix} x & y & 1 \\ 1 & 2 & 1 \\ 3 & 6 & 1 \end{vmatrix} = 0$$

$\Rightarrow x(2-6) - y(1-3) + 1(6-6) = 0$

$\Rightarrow -4x + 2y + 0 = 0$

$\Rightarrow \boxed{-2x + y = 0}$ या $\boxed{y = 2x}$

23. निम्न समीकरण निकाय को आव्यूह विधि से हल किजिए–

$$5x + 2y = 3$$
$$3x + 2y = 5$$

हलः– दिए गए समीकरण विकल्प को निम्न रूप में लिख सकते है।

$AX = B$ जहाँ $A = \begin{bmatrix} 5 & 2 \\ 3 & 2 \end{bmatrix}$, $X = \begin{bmatrix} x \\ y \end{bmatrix}$ एवं $B = \begin{bmatrix} 3 \\ 5 \end{bmatrix}$

यहाँ $|A| = \begin{vmatrix} 5 & 2 \\ 3 & 2 \end{vmatrix} = 10 - 6 = 4 \neq 0$

A व्युत्कमणीय आव्यूह है।

A^{-1} विद्यमान है।

अतः दिया गया समीकरण निकाय संगत है तथा इसका अद्वितीय हल निम्न है। $X = A^{-1}B$

A के सहखण्ड निम्न है

$A_{11} = 2,\ A_{12} = -3,\ A_{21} = -2,\ A_{22} = 5$

$$adj(A) = \begin{bmatrix} 2 & -3 \\ -2 & 5 \end{bmatrix}^{1} = \begin{bmatrix} 2 & -2 \\ -3 & 5 \end{bmatrix}$$

$$\therefore A^{-1} = \frac{1}{(A)} adj(A) = \frac{1}{4}\begin{bmatrix} 2 & -2 \\ -3 & 5 \end{bmatrix}$$

अबः– $X = A^{-1}B = \frac{1}{4}\begin{bmatrix} 2 & -2 \\ -3 & 5 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 3 \\ 5 \end{bmatrix} = \frac{1}{4}\begin{bmatrix} 6-10 \\ -9+25 \end{bmatrix}$

$$X = \frac{1}{4}\begin{bmatrix} -4 \\ 16 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 \\ 4 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} x \\ y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 \\ 4 \end{bmatrix}$$

अतः– $\boxed{x = -1,\ y = 4}$

24. आव्युह $A = \begin{bmatrix} 3 & 2 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$ के लिए a और b ऐसी संख्या ज्ञात कीजिए ताकि $A^2 + aA + bI = 0$ हो –

Ans. यहाँ $A = \begin{bmatrix} 3 & 2 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

$$A^2 = \begin{bmatrix} 3 & 2 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 3 & 2 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$$

$$A^2 = \begin{bmatrix} 11 & 8 \\ 4 & 3 \end{bmatrix}$$

$\because A^2 + aA + bI = 0$

$$= \begin{bmatrix}11 & 8\\ 4 & 3\end{bmatrix} + a\begin{bmatrix}9 & 2\\ 1 & 1\end{bmatrix} + b\begin{bmatrix}1 & 0\\ 0 & 1\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}0 & 0\\ 0 & 0\end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix}11 & 8\\ 4 & 3\end{bmatrix} + \begin{bmatrix}3a & 2a\\ a & a\end{bmatrix} + \begin{bmatrix}b & 0\\ 0 & b\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}0 & 0\\ 0 & 0\end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix}11+3a+b & 8+2a\\ 4+a & 3+a+b\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}0 & 0\\ 0 & 0\end{bmatrix}$$

$= 11 + 3a + b = 0$

$= 3a + b = -1$

$= 8 + 2a = 0$

$= 2a = -8$

$\boxed{a = -4}$

$= 3x - 4 + b = -11$

$= -12 + b = -11$

$\boxed{b = 1}$

25. समीकरण निकाय

$3x - 2y + 3z = 8$

$2x + y - z = 1$

$4x - 3y + 2z = 4$

को आव्युह विधि से हल कीजिए।

Sol. समीकरण निकाय को $AX = B$ पर बदलने पर

